सूचना का अधिकार

बिहार सूचना आयोग

चतुर्थ तल, सूचना भवन, नेहरू मार्ग, पटना–800015

अल्पकालीन निविदा

बिहार सूचना आयोग कार्यालय में फोटो कॉपियर कार्य हेतु फोटो कॉपी मशीन स्थापित किये जाने के लिए स्थानीय फोटो कॉपियर से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित करता है। फोटो कॉपियर अपना दर में ए4 साईज, ए3 साईज के प्रति पृष्ठ फोटो कॉपी का दर सामान्य प्रपत्र में उद्धृत कर सकते हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं निविदा की शर्तें आयोग के सूचना पट्ट तथा आयोग की वेब–साईट **http://sic.bih.nic.in** पर देखी जा सकती हैं। निविदा की शर्तें निम्न प्रकार हैं:–

1. चयनित एजेन्सी/फोटो कॉपियर अपना मशीन बिहार सूचना आयोग के छठे तल पर स्थापित किया जा सकेगा। आयोग द्वारा मशीन लगाने का स्थान एवं बिजली की व्यवस्था की जा सकेगी।

2. निविदा दाता दर भर कर सीलबन्द लिफाफे में विधि पदाधिकारी/अवर सचिव, बिहार सूचना आयोग के पदनाम से समर्पित करेंगे।

3. पूर्व में केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में किये गये फोटो कॉपियर से संबंधित कागजात/एकरारनामा की प्रति (यदि कोई हो तो) समर्पित करेंगे।

4. चयनित एजेंसी/फर्म को अग्रधन के रूप में ₹5,000/– (रुपये पाँच हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का पटना में भुगतेय हो, बिहार राज्य सूचना आयोग के नाम से जमा करना होगा।

5. किसी भी निविदा को स्वीकार करने अथवा रद्द करने का अधिकार आयोग को पूर्णतः सुरक्षित रहेगा।

6. फर्म को उनके द्वारा दिये गये बैंक खाते में सी.एफ.एम.एस. के माध्यम से भुगतान किया जा सकेगा तथा आयकर एवं जी0एस0टी0 की कटौती उनके विपत्र से नियमानुसार की जाएगी।

7. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि **26.09.2022** को **10:30** बजे पूर्वाह्न है। दिनांक–**26.09.2022** को **03:00** बजे अपराह्न में निविदा विधि पदाधिकारी, बिहार सूचना आयोग के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। इच्छुक एजेन्सी/फोटो कॉपियर यदि चाहें तो स्वयं या उनके प्रतिनिधि उक्त समय उपस्थित रह सकते हैं।

8. किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्राधिकार माननीय पटना उच्च न्यायालय के अधीन होगा।

Upendra Kumar/20.9.22
विधि पदाधिकारी
बिहार सूचना आयोग